जाण्यां बिन व्रत किम हुवै संवर आश्रयी लेख ॥११॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जस्सणं सव्व पाणेहि, जाव सव्व सत्तेहिं, पच्चक्खायं मितिवदमा-णस्स न एवं, अभी समणणा गयं भवइ, इमे जीवा इमे अजीवा इमे तस्स इमे थावरा, तस्सणं सव्व पाणेहिं जाव सव्व सत्तेहिं पच्चक्खायं मितिवदम'णस्स णो सुपच्चक्खायं, दुपच्चक्खायं भवइ ॥

सूत्र श्री भगवती शतक ७ वाँ उद्देश्य २ रा।

॥ भावार्थ ॥

जो सर्व प्राणी यावत् सर्व सत्वों के मारने का प्रत्याख्यान कहै, किन्तु ऐसा नहीं जाने कि यह जीव है, यह अजीव है, यह त्रस है, यह स्थावर है, ऐसा अज्ञानी सर्व प्राण भूत जीव सत्व मारने के त्याग किये कहें तो उसके दुःपच्चक्खाण है, किन्तु सुप्रत्याख्यान नहीं।

॥ बोल चौथा ॥

जीव अजीव ने जाणै नहीं, जीव अजीव दोनां ने जाणै नहीं तिण ने संयम री ओलखणा नहीं। साख सू० दशवैकालिक अध्ययन ४ गा० १२ वीं।

॥ दोहा ॥

दशवैकालिक में कह्यो, तूर्य अध्ययने ताहि।
जीव अजीव जाणै नहीं, बारवीं गाथा मांहि ॥१२॥
जीव अजीव अजाणतो, तसु संयम किम होय।
जाणी त्याग कियां थकां, चारित्र गुण अवलोय ॥१३॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जो जीवे वि न याणाइ, अजीवे वि न याणाइ।
जीवा जीवो अयाणंतो, कहं सो नाहीय संयमं ॥१२॥

दशवैकालिक अ० ४ गाथा १२

॥ भावार्थ ॥

जो जीव को भी नही जाने, अजीव को भी नहीं जाने। जीवो अजीवो को ही नहीं जाने उसके संयम कहाँ है। अर्थात् जीवाजीव जाने विना संयम नहीं है।

॥ बोल पांचवां ॥

सम्यक्त्व बिना चारित्र नहीं समकित बिना व्रत नहीं। सा० सू० उत्तराध्ययन २८ वें गा० २९ वीं।

॥ दोहा ॥

मसकित बिन चारित्र नहीं, नहीं समकित बिन व्रत।
उत्तराध्ययन अठवीसमें, गुणतीसमी गाथा सत्त ॥१४॥
दर्शन ज्ञान थकी हुवै, समकित चारित्र धर्म।
तिण सूं पूर्व समकित लह्यां, पामें चारित्र पर्म ॥१५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

नत्थि चरितं सम्मत्त विहुणं दंसणे उभयव्वं।
सम्मत्त चरित्ताइं जुगवं, पुव्वं च सम्मत्तं ॥२९॥

सूत्र उत्तराध्ययन अ० २८ गा० २९

॥ भावार्थ ॥

सम्यक्त्व अर्थात् शुद्ध श्रद्धा बिना चारित्र नहीं होता है। ज्ञान से यथार्थ जान के शुद्ध श्रद्धने से सम्यक्त्वी होता है और सम्यक्त्वी होने से चारित्र गुण उत्पन्न होता है। इसलिये सम्यक्त्व चारित्र में पहिले सम्यक्त्व मुख्य है।

॥ बोल छट्ठा ॥

ज्ञान बिना दया नहीं दया चारित्र एक ही कह्यो। सा० सू० दशवैकालिक अ० ४ गा० १० वीं।

॥ दोहा ॥

दया नहीं है ज्ञान बिन, चारित्र दयाज एक।
ज्ञान सहित संयम हुवै समझो आण विवेक ॥१६॥
प्रथम ज्ञान पाछे दया, इम सर्व संयती होय।
अज्ञानी जाणै किस्यूं, पाप छेदै किम जोय ॥१७॥
चौथे अध्ययने कह्यो, दशवैकालिक वाय।
दशमी गाथा ने विषै, भाख्यो श्री जिनराय ॥ १८ ॥

॥ सूत्र पाठ ॥

पढमं नाणं तओ दया, एवं चिट्ठइ सव्व संजए।
अन्नाणी किं काही, किंवा नाहीय छेय पावगं ॥१०॥

॥ भावार्थ ॥

प्रथम ज्ञान और पीछे दया, अर्थात् ज्ञान द्वारा जीव अजीवादि को जानने से षट् जीव निकायो को मारने का त्याग करेगा तब दया होगी। इसी तरह सर्व संयती होते है। अज्ञानी को जब यथार्थ ज्ञान ही नहीं तब वह दया किसकी करेगा और कैसे पाप कर्म छेदेगा।

॥ बोल सातवां ॥

असंयती अव्रती अपच्चक्खाणी ने सूझतो असूझतो, प्राशुक, अप्राशुक देवै तिण ने एकान्त पाप कह्यो। सा० सू० भगवती श० ८ उ० ६

॥ दोहा ॥

तथारूप जे असंयती बलि अविरति जेह।
च्यार प्रकारे आहार तसु, श्रावक प्रति लाभेह ॥१९॥
सचित अचित प्राशुक वली, अप्राशुक अवधार।
देवै दोष सहित वा, दोष रहित निरधार ॥२०॥
दियां हे प्रभु ! शुं करइ, इम गौतम पूछन्त।
जिन कहै एकान्त पाप करै, नहीं कांई निर्जरा हुन्त ।२१।
अष्टम शतके भगवती, षष्ठम उदेशा मांहि।
एकान्त पाप कह्यो प्रभु, निर्जरा किञ्चित नांहि ॥२२॥

॥ सूत्र पाठ ॥

समणो वासगरसणं भन्ते तहारूवं असंजय अविरय अपडिहय पच्चक्खाय पाव कम्मे, फासु एणवा अफासु एणवा एसणिज्जेण वा अणेसणिज्जेणवा असण पाण खाइम साइमेणं, पडिलाभे माणस्स किं कज्जइ, गोयमा ! एगन्त सोसे पावे कम्मे कज्जइ णत्थि से काइ निज्जरा कज्जइ।

सा० सू० भगवती श० ८ उ० ६

॥ भावार्थ ॥

श्रावक हे भगवान तथा रूप असंयती, अव्रती और जिसके पाप-कर्म के त्याग नहीं ऐसे अप्रत्याख्यानी को प्राशुक, अप्राशुक सदोष वा निर्दोष आहार पाणी खादिम स्वादिम प्रतिलाभता हुआ क्या करता है। तब भगवान ने कहा हे गौतम ! एकान्त पाप कर्मोपार्जन करता है वह किञ्चित निर्जरा नहीं करता है।

॥ सोरठा ॥

एह पाठ नूं अर्थ रे, केई जन इहां इम करै।
जो देखे मोक्षार्थ रे, तो तसु एकान्त पाप हुवै ॥२३॥
अथवा तसु गुरु जान रे, दियां मिथ्यात्व नूं पाप है।
यदि अनुकम्पा आन रे, देवै तो तसु पाप नहीं ॥२४॥
इम निज मत अनुसार रे, सूत्र विरुद्ध जे को कहै।
पिण तसु उत्तर सार रे, बुद्धिवन्त न्याय विचारिये ॥२५॥
न कह्यो सूत्रे एम रे, मोक्षार्थी वा गुरु समझ।
तो निज मन थी कहो केम रे, भावार्थ समझ्यां बिना ।२६।
तथा रूप छै जेह रे, असंयती नां भेषयुत।
तसु गुरु किम जाणेह रे, श्रावक जेह भगवान रा ।२७।
बलि दोष सहित किम देय रे, श्रावक गुरु जाणी करी।
न्याय विचारि लेय रे, पक्षपात चित्त छांड़ करि ॥२८॥
अल्प आयु बन्धाय रे, असूझतो दियां साधु ने।
तीजा ठाणा मांय रे, बलि ठाम २ सिद्धान्त में ॥२९॥
दोष सहित दियां ताहि रे, पाप हुवै पिण धर्म नहीं।
देखो आगम मांहि रे, असूझता थी पुण्य नहीं। ॥३०॥
जो गुरु जाणी तास रे, कदा निर्दोष देवै तसु।
तो पाप एकान्त विमास रे, इहां कहो किण कारणें ।३१।
न देऊं अण तीर्थी प्रतेह रे, बलि देवाऊं नहीं।

इम सप्तम अंगेह रे, आनन्द श्रावक अभिग्रह लियो ।३३।
पुनः सम्यक् दृष्टि जेह रे, असंयती नां दान ने ।
मोक्ष अर्थ श्रद्धेह रे, जो कहा देवै जान करि ॥३४॥
तो पिण पाप ही लाग रे, तुम लेखे मिथ्यात्व नूं ।
नहीं मुक्ति रो माग रे, सांसारिक जे दान छै ॥३५॥
मोक्ष अर्थ दियां तेह रे, तेहने एकान्त पाप कहो ।
तो अनुकम्पा एह रे. मुक्ति काज नहीं जाणवी ॥३६॥
अनुकम्पा संसार रे, स्नेह राग युत जे हुवै ।
आख्या पाप अठार रे, तिण में राग नवमूं कह्यो ॥३७॥
असंयती नूं जोय रे, अथवा अविरति तणो ।
पुद्गलीक सुख वंछे सोय रे, ते जिन आज्ञा बाहिरै ॥३८॥
करणी जे करै कोय रे, पुण्य पुद्गल सुख कारणै ।
तिण में धर्म न होय रे, पुण्य बन्ध पिण हुवै नहीं ।३९।
भगवती वृत्ति मझार रे, अर्थ कियो इण पाठ नूं ।
मुक्ति अभिलाषा धार रे, दीधां पाप एकान्त हुवै ॥४०॥
तिण लेखै पिण तंत रे, असंयती वा अविरति नूं ।
दान पाप एकान्त रे, मोक्ष मार्ग नहीं जाणवो ॥४१॥
एकान्त पाप नूं अर्थ रे, अष्टादशमूं जो करे ।
तो ठाम २ सूत्रार्थ रे. एकान्त पाठ कह्या बहु ॥४२॥
सुख शय्या कही च्यार रे, ठाणांगे चौथा स्थान में ।
एकान्त निरजरा धार रे, मुनि सम भावे वेदन सहै ।४३।

जो सम भावे न सहेह रे, तो पाप एकान्ते हुवै।
इहां मुनि रे किस्यूं गिणेह रे, एकान्त पाप मिथ्यात्व नूं ।४४
बलि धुर शतक निहाल रे, अष्टम उद्देशे कह्यूं।
अव्रती ने एकान्त बाल रे, एकान्त पण्डित साधु ने ।४५
अष्टम शतक रे मांहि रे, छठे उदेशे भगवती।
तथा रूप संयती ताहि रे, दियां एकान्त निर्जरा हुवै ।४६।
जो एकान्तक नूं जेह रे, छेहलो भेद एक ही कहै।
तो ठाम २ सूत्रेह रे, एकान्त अर्थ छेहलूं किस्यूं ॥४७॥
तिण सूं एकान्त पाप रे, असंयती अविरति ने।
दीधां जिन कह्यो आप रे, पाठ मांहि प्रकट पणै ॥४८॥
एक अन्त दो शब्द रे, तेहना अर्थ छै जुजूआ।
एक तेह केवल लब्ध रे, अन्त तेह निश्चय जाणवो ॥४९॥
छट्ठा काण्ड मझार रे, नवम श्लोके देखलो।
अन्त तेह निश्चय धार रे, हेम नाम माला विषे ॥५०॥
तिणसूं भगवती मांहि रे, दियां असंयती अविरति ने।
एकान्त पाप हिज थाय रे, प्रभु आख्यो तेह सत्य है ।५१।

॥ बोल आठवां ॥

शाश्वता अशाश्वता री खबर नहीं, तिणने बोध रहित कह्यो। सा० सू० सूयगडांग अ० १ उ० २ गाथा ४ थी।

॥ दोहा ॥

शाश्वत अने अशाश्वता, तेहनी खबर न कांय।
बोध रहित तिण ने कह्यो, प्रथम सूयगडांग मांय ॥५२॥
बाल थकां पंडित पणो, माने तेह अयाण।
नियत अनियत जाणै नहीं, द्वितीयाध्ययने चौथी जाण ।५३।

सूत्र पाठ ॥

एव मेयाणि जयन्ता, बाल पंडिय माणिणो। नियया नियय संतं, अयाणंता अबुद्धिया ॥४॥

प्र० सू० कृतांग अ० १ उ० २ गा० ४

॥ भावार्थ ॥

बाल अर्थात् मूर्ख अपने को पण्डित मान रहे हैं। परंतु उन्हें नियत अनियत यानी शाश्वत अशाश्वत की खबर नहीं है वे अजान बोध रहित है।

बोल नवमां ॥

साधू थोड़ा असाध घणां। सा० सू० दशवैकालिक अ० ७ गा० ४८ वीं।

॥ दोहा ॥

साधु थोड़ा लोक में, घणा असाधू जान।
ते असाधु थका बहु इम कहे, अमे साधु गुणखान ।५४।
दशवैकालिक सात में, अड़तालीसवीं गाथा ताहि।
असाधुने साधु कहणो नहीं, साधु ने साधु कहाहि ॥५५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

बहवे इमे असाहु, लोयं बुच्चन्ति साहुणो ।

न लवे असाहु साहुत्ति, साहु साहुत्ति आलवे ॥४८॥

दशवैकालिक अ० ७ गा० ४८

॥ भावार्थ ॥

बहुत से ऐसे असाधु लोक में है जो कहते है हम साधु है। परंतु विज्ञजनों को असाधुओ को साधु नही कहना चाहिये।

॥ बोल दशमां ॥

साधु रे सर्व थकी प्राणातिपात रा त्याग छे तिण रे अपच्चक्खाण री अपरिग्रह री किरिया नहीं। सा० सू० पन्नवणा पद २२ वें।

॥ दोहा ॥

सर्व प्रकारे साधु रे, प्राणातिपात रा त्याग।
अपच्चक्खाण ने परिग्रह तणी, तसु किरिया नहीं लाग ॥५६॥
बावीसम पद आखियो, पन्नवणा रे मांहि।
प्राणातिपात निवृत्ति ने, अव्रत परिग्रह नांहि ॥५७॥

॥ सूत्र पाठ ॥

प्राणातिपात विरयस्सणं भन्ते जीवस्स परिग्गहिया किरिया कज्जति? गोयमा णो इणट्ठे समट्ठे, प्राणातिपात विरयस्सणं भन्ते जीवस्स अपच्चक्खाण वत्तिया किरिया कज्जति? गोयमा णो इणट्ठे समट्ठे।

पन्नवणा पद २२ वाँ।

प्ररूपणा करे तिण ने किञ्चित् मात्र जाणपणो नहीं। सा० सू० सुयगडांग अ० १ उ० २ गाथा १४ वीं।

॥ दोहा ॥

केवली प्ररूप्या धर्म बिन, अपनी मति अनुसार।
करै प्ररूपण जेहने, जाण पणो न लिगार ॥६२॥
इक २ माहण श्रमण बलि, कहै म्हे छां सर्व जाण।
पिण प्राणी सहु लोक में, तेहना जेह अजाण ॥६३॥
ते किंचित नहीं जाणता, धुर सूयगडांग मांहिं।
प्रथम अध्ययने जाणिये, द्वितीय उद्देशे ताहिं ॥६४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

माहणा समणा एगे, सव्वे नाण सयं वए।
सव्व लोगे वि जे पाणा, न ते जाणं किंचणे ॥१४॥

॥ भावार्थ ॥

जगत में एक २ श्रमण ब्राह्मण ऐसे हैं सो कहते हैं हम सर्व जानकार हैं परन्तु लोक में सर्व प्राणी हैं उन्हें वें किञ्चित् मात्र नहीं जानते हैं। अर्थात् निज मतानुसार एक २ श्रमण ब्राह्मण कहते हैं हम सर्व जाम हैं परन्तु उन्हें किञ्चित् मात्र जाणपना नहीं है।

॥ बोल चौदमां ॥

श्रावक ने केवल ज्ञानी प्ररूप्या धर्म बिना दूजो धर्म मानणो नहीं। सा० सू० उववाई प्र० २० वां।

॥ दोहा ॥

श्रावक सत्य करि जानता, केवली भाषित धर्म ।
दूजो धर्म न मानणो, एह जिन शासन मर्म ॥६५॥
निर्ग्रन्थ बचनज अर्थ है, निर्ग्रन्थ प्रवचन परमार्थ ।
अन्य जन ने पिण इम कहे, प्रवचन बिना अनर्थ ॥६६॥
लाध्या ग्रह्या अर्थ पूछ कर, धाखा विनय सहित्त ।
अस्थि अस्थि मज्जा तसु, प्रेम राग रङ्ग रत्त ॥६७॥
सूत्र उववाई में कह्यो, प्रश्न बीसवें ठीक ।
शंक रहित जिन बचन में, त्यांने मुक्ति नजीक ॥६८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

निग्गन्थे पावणे निस्संकिया, णिक्कंखिया, निव्वितिगिच्छा, लद्धट्ठा, गहियट्ठा, पुच्छियट्ठा, अभिगट्ठा, विणिच्छियट्ठा, अट्ठि मिज पेमाणु राग रत्ता, अयमाउसो णिग्गन्थे पावय णो अट्ठे अयं परमट्ठे, सेसे अणट्ठे ।

सू० उववाई प्र० २० वाँ

॥ भावार्थ ॥

वे श्रावक निर्ग्रन्थ प्रवचन में निःशङ्क है अर्थात् शङ्का रहित हैं आकाँक्षा रहित है अर्थात् पाखण्डियों का ढोंक देख के उनकी वांछा नहीं करते । विचिकिच्छा रहित है यानी स्वयं जो जिनाज्ञा माँहि की करणी करते हैं उसके फल में सन्देह नही रखते । वे सूत्रों का अर्थ पाये है, ग्रहण किये है, अर्थ पूछे हैं, प्रवचनो के अर्थो के सन्मुख हुए हैं, और विनय सहित ग्रहण किये है, जिनकी अस्थि और अस्थि की मज्जा जिन

बचनों से रंगी हुई हैं, अर्थात् निग्रन्थ प्रवचनों में लवलीन हो रहे हैं, और दूसरों को भी ऐसा ही कहते हैं कि "आयुष्मानों" निग्रन्थ वचन है सो ही अर्थ है, सो ही परमार्थ है। इनके अतिरिक्त शेष सब अनर्थ हैं।

उत्तराध्ययन अ० २८ गा० ३१।

॥ बोल पन्द्रवां ॥

समकिती ने निसङ्क निकङ्क विदगंछा रहित रहणो कह्यो सा० सू० उत्तराध्ययन अ० २८ वां गा० ३१ वीं।

॥ दोहा ॥

शंक नहीं जिन बचन में, कंखा अनमत नांहि।
करणी फल संदेह नहीं, ते नि विदगंछ कहाहि ॥६९॥
अमूढ दिट्ठी परमत तणी, देख प्रशंसा आदि।
अन्य मत दृष्टि करे नहीं, चित में धरे समाधि ॥७०॥
उववूह गुणी ना गुण करै, स्थिरि कारण स्थिर होय।
वत्सल भाव सहु थकी, धर्म प्रभाव न जोय ॥७१॥
उत्तराध्ययन अठवीस में, समकित ना आचार।
आराधे तेह समकिती, इकतीसवीं गाथा धार ॥७२॥

॥ सूत्र पाठ ॥

निसंकिय निकंखिय निव्वितिगिच्छा अमूढ दिट्ठिय उववूह थिरी करणे वच्छल पभावणे अट्ठ।

उत्तराध्ययन अ० २८ गा० ३१

॥ भावार्थ ॥

१ जिन वचनों में शङ्का नहीं करे अर्थात् भगवान ने एक शरीर में अनन्ते जीव आदि अनेक बातें कही है सो सत्य हैं।

२ निकंखिय अर्थात् जो अन्य मत वाले कहते हैं वह भी ठीक होगा ऐसी बांछा न करे।

३ निव्वितिगिच्छा यानी जो तप नियमादि करणी करता हूं सो फल-दायक होगी या नहीं ऐसी विचारणा नहीं करे।

४ अमूढ दिट्ठीय अर्थात् अन्य मत वालों की अनेक प्रकार प्ररूपणा को देखके उनकी तरफ खयाल न करे।

५ उववूह यानी गुणवन्त पुरुषों के गुणगान करे।

६ थिरि करणे अर्थात् सम्यक्त्व में स्थिर रहै।

७ वत्सल यानी षट् कायों के जीवों पै वात्सल्य भाव रक्खें।

८ प्रभावना अर्थात् जैन धर्म की प्रभावना करे। यह सम्यक्त्व के आठ आचार कहे हैं।

॥ बोल सोलमां ॥

केवल ज्ञानी रा बचनां री खबर नहीं जिकां रे घणो बाल मरण अकाम मरण होसी। सा० सू० उत्तराध्ययन अ० ३६ गा० २६० वीं।

॥ दोहा ॥

जे जिन बचन जाणे नहीं, बाल मरण तसु जाण।
घणा अकाम मरणे मरे, उत्तराध्ययने छत्तिसमें पिछाण ।७३।

॥ सूत्र पाठ ॥

बाल मरणाणि बहुसो, अकाम मरणाणि चेवय बहुसो।
मरिहिं ति ते बराया, जिन वयण जे न याणंति ॥२६०॥

॥ भावार्थ ॥

बहुत बाल मरण और बहुत से अकाम मरण मरै जो जिन वचनों को नहीं जानता है।

॥ बोल सतरहवां ॥

प्रवचन सोही अर्थ, प्रवचन सोही परम अर्थ, सा० सू० उववाई प्र० २० वां।

॥ दोहा ॥

प्रवचन सोही अर्थ है. प्रवचन सो परमार्थ।
उववाई प्रश्न बीसवें बाकी सर्व अनर्थ ॥ ७४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अयमाउसो णिग्गंथे पावयणे अट्ठे, अयं परमट्ठे, सेसे अणट्ठे।

[उववाई प्र० २० वें]

॥ भावार्थ ॥

हे आयुष्मानों निर्ग्रन्थ प्रवचन ही अर्थ है यही परमार्थ है। इनके सिवाय सर्व अनर्थ है।

॥ बोल अठारहवां ॥

केवलियां रो आचार सोही छद्मस्थ रो आचार, केवलियां रो अनाचार सोही छद्मस्थ रो अनाचार। साख सूत्र आचारांग प्र० २ उ० ६ ठो।

॥ दोहा ॥

केवलियां रो आचार सो, छद्मस्थ रो आचार ।
केवलियां रो अनाचार ते, छद्मस्थ रो अनाचार ॥७५॥
कुशल पुरुष जे केवली, नहीं बन्धाय मूकाय ।
जे आरम्भ्यो तिम आरम्भे, ते बुद्धिवन्त कहाय ॥७६॥
प्रथम आचारङ्गे कह्यो, दूजे अध्ययन उदार ।
छट्ठा उद्देशा विषे, निपुण न्याय अवधार ॥७७॥

॥ सूत्र पाठ ॥

कुसले पुण णो बद्धे णो मुक्के से जं च आरम्भे जे च अणारम्भे अणा रहइं च ण आरम्भे छणं छणं परिन्नाय लोग सन्नं च सव्वसो ।

[आचाराङ्ग अ० २ उ० ६ ठा०]

॥ भावार्थ ॥

केवली भगवान बन्धे हुवे नहीं, छूटे हुवे नहीं, जैसे वे वर्त्ते होय वैसे ही करना और जैसा उनका आचरण नही है वैसा नहीं आचरे । अर्थात् संयम क्रिया जैसी केवलियों की है वैसी ही अकेवलियों की है । हिंसा तथा लोक संज्ञा को जान कर उनका परिहार करना ।

॥ बोल उन्नीसमां ॥

वत्तव्वया २ कही १ स्व समय वत्तव्वया, २ पर समय वत्तव्वया । स्व समय वत्तव्वया की तो साधु आज्ञा दे तथा मानण योग छै, पर समय वत्तव्वया में सात अवगुण कह्या—१ अनर्थ, २ अहित, ३

असंयम, ४ अक्रिया, ५ उन्मार्ग, ६ उपयोग रहित, ७ मिथ्यात्व सहित। सा० सू० अनुयोग द्वार सात नयां को समास पूरो हुवो जठै।

॥ दोहा ॥

दोय वक्तृता जाणवी, स्वपर समय विचार।
उभय मिल्यां तीजी हुवे, आखी अनुयोग द्वार ॥७८॥
वक्तृता स्व समय जे, श्री जिन आगम सार।
पाखण्ड रचिता पर समय, तेह नी बात असार ॥७९॥
मुनि आज्ञा स्व समय नी, पर समय अवगुण सात।
अहित अनर्थ असद्भाव बलि, अक्रिया उन्मार्गे जात ॥८०॥
ते उपदेशवा योग्य नहीं, दरशन जे मिथ्यात।
यह सातों अवगुण कह्या, नहीं गुण छै तिलमात ॥८१॥
कांइक जिन सिद्धान्त नी, कांइक पर सिद्धान्त।
बिहु मिल तीजी पिण हुवे, वत्तव्वया आख्यात ॥८२॥
स्व तेह स्व मां प्रक्षेपवो, पर तेह पर मां जोय।
तिण सूं दोय वत्तव्वया, न्याय हिये अवलोय ॥८३॥
जिन प्रणीत सिद्धान्त ते, संक्षेपें आख्यात।
बलि विस्तार प्ररूपणा, कहै दृष्टांत विख्यात ॥८४॥
विशेष करि दर्शावतां, परिषध में उपदेश।
मुनि स्व समय दृढ़ावता, जिनोक्त वचन हमेश ॥८५॥

आगम वच ते स्व समय, तेहिज मानण योग ।
वक्तृता पर शास्त्र नी, जाणो तास अयोग ॥८६॥
नैगम संग्रह व्यवहार जे, इच्छै वक्तृता तीन ।
स्व पर मिश्र इम त्रण हुवे, ऋजु सूत्र दोय लीन ॥८७॥
शब्दादिक त्रण नयतिका, इच्छे वक्तृता एक ।
स्व समय तेहिज सत्य है, पर ते सहु अविवेक ॥८८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

से किं तं वत्तव्वया ? वत्तव्वया तिविहा पन्नता, तंजहा—१ ससमय वत्तव्वया, २ पर समय वत्तव्वया, ३ ससमय पर समय वत्तव्वया, से किं तं ससमय वत्तव्वया ? ससमय वत्तव्वया—जत्थणं ससमय आघ विज्जंति पण्ण विज्जंति परूविज्जंति दंसइ नि दंसिज्जइ उवदंसिज्जइ से तं ससमय वत्तव्वया । से किं तं पर समय वत्तव्वया ? जत्थणं पर समय आघविज्जंति जाव उवदंसिज्जंति से तं पर समय वत्तव्वया । से किं ते ससमय पर समय वत्तव्वया ? जत्थणं ससमय पर समय आघविज्जंति जाव उवदंसिज्जंति से तं ससमय पर समय वत्तव्वया इयाणिको न ओ कं वत्तव्वयं इच्छन्ति ? तत्थ णेगम संगह ववहारो तिविहं वत्तव्वयं इच्छति तंजहा—ससमय वत्तव्वयं पर समय वत्तव्वयं ससमय पर समय वत्तव्वयं । उज्जु सुओ दुविहं वत्तव्वयं इच्छई तंजहा—ससमय वत्तव्वयं पर समय वत्तव्वयं तत्थणं जासा ससमय वत्तव्वया सा ससमय परिट्ठाजा, सा परसमय वत्तव्वया सा पर समय परिट्ठाजा, तम्हा दुविहा वत्तव्वया णत्थि तिविहा वत्तव्वया ।

तिणि सद्दा नया राग ससमय वत्तव्वयं इच्छन्ति णत्थि पर समय वत्तव्वया, कम्हा ? जम्हा परसमय १ अणट्ठे, २ अहेउ, २ असब्भावे, ४ अकिरिए, ५ उम्मग्गे, ६ अणुवएसे, ७ मिच्छा दंसण, मित्तिकट्टु तम्हा सव्व ससमय वत्तव्वया णत्थि पर समय वत्तव्वया, से तं वत्तव्वया ।

अनुयोग द्वार सूत्र ।

॥ भावार्थ ॥

प्रश्न - वक्तव्यता कितने प्रकार की है। उत्तर—वक्तव्यता तीन प्रकार की सो कहते हैं:—१ स्व समय, २ पर समय, ३ और स्वपर समय वक्तव्यता। स्वसमय वक्तव्यता किसे कहते हैं ? "स्वसमय अर्थात् स्वमत जिन प्रणीत सूत्रों को संक्षेप से कहे, विस्तार पूर्वक कहे, प्ररूपणा करे, दृष्टान्तादि कर दर्शावे, प्रषधा में उपदिशे, विशेष कर दर्शावे. सो स्वसमय वक्तव्यता।" अहो भगवान् पर समय वक्तव्यता किसे कहते हैं ? "जो अन्य मत के शास्त्र उक्त प्रकार सामान्य प्रकार कहे, प्ररूपे, दृष्टान्त से कहे, विस्तार से कहे, विशेष कर दर्शावे और उपदिशे, वह पर समय वक्तव्यता है।" स्वपर समय वक्तव्यता किसे कहते हैं ? "जो स्वमत के शास्त्रों और परमत के शास्त्रों को शामिल करके कहे यावत् उपदिशे सो स्वपर समय वक्तव्यता है।" अब नयों का समास कहते हैं—नैगम संग्रह और व्यवहार यह तीन नय वस्तु वक्तव्यता को माने, और ऋजु सूत्र नय दो प्रकार को वक्तव्यता को माने, स्वसमय और पर समय वक्तव्यता। परन्तु दोनों को मिला के मिश्र वक्तव्यता को नहीं माने क्योंकि जो स्व समय वक्तव्यता है उसे स्वमत में स्थापन करे और जो पर समय वक्तव्यता है उसे पर मतमें स्थापन करे, इसलिये दोनों ही प्रकार की वक्तव्यता है। शब्द और समभिरूढ़ और एवं भूत नय केवल एक स्वसमय वक्तव्यता को ही माने, परन्तु पर समय वक्तव्यता को नहीं इच्छे;

क्योंकि जो पर समय वक्तव्यता है उसमें अनर्थ है, अहेतु है, असद्भाव है, क्रिया रहित है, उन्मार्ग है, कुउपदेश है, मिथ्या दर्शन है। यह सात दोष पर शास्त्र में है। अतः एक स्व समय वक्तव्यता ही है पर समय वक्तव्यता नहीं।

॥ बोल बीसमां ॥

केवली प्ररूपियो धर्म एकान्त प्रधान कह्यो सा० सू० प्र० सूयगडांग अ० ६ गा० ७।

॥ दोहा ॥

केवल ज्ञानी भाषियो, तेहिज धर्म एकान्त।
धुर सूयगडांगे छट्ठे, सप्तमी गाथा तंत ॥८९॥
प्रधान धर्म श्री जिन कह्यो, तसु नेता वर्द्धमान।
शोभे हुए देवां विचे, इन्द्र समा गुण ग्यान ॥९०॥
सब नेतां में श्रेष्ठ है, काश्यप गोत्र उत्पन्न।
दिव्य धर्म जिनवर कह्यो, तेहिज धर्म सुमन्न ॥९१॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अणुत्तरं धम्म मिणं जिणाणा, णेता मुणी कासव आसुपन्ने।
इन्देव देवाण महानुभावे, सहस्स णेता दिवणं विसिट्ठे ॥७॥

प्र० सूयगडांग अध्ययन ६ गा।

॥ भावार्थ ॥

प्रधान धर्म है जिनेश्वरों का कहा हुआ. उनके नेता मुनीश काश्यप गोत्रोत्पन्न श्री महावीर स्वामी हैं. वे हजारों नेताओं में सुशोभित हैं।

॥ बोल इक्कीसवां ॥

केवली प्ररूप्यो धर्म यथार्थ सरल शुद्ध माया कपटाई रहित कह्यो। सा० सू० सूयगडांग अ० ६ गाथा १।

॥ दोहा ॥

धर्म यथा तथ्य आखियो, जेह माहणं मतिवन्त।
कपट रहित तेह सरल छै, जिनोक्त धर्म सुन तन्त ॥६२॥
प्रथम सूयगडांगे कह्यो, नवम अध्ययन रे मांहि।
पहिली गाथा ने विषे, जिन कह्यो धर्म कहाहि ॥६३॥

॥ सूत्र पाठ ॥

कयरे धम्मे अक्खाये, माहणेणा मति मता।
अजुं धम्मं जहा तच्चं, जिणाणां तं सुणेह मे ॥१॥

प्र० सूत्र कृतांगे नवम अध्ययने १ गाथा

॥ भावार्थ ॥

माहण अर्थात् मत हनों २ ऐसा उपदेश जिन का वे मुनि कैसा धर्म कहै—ऋतु अर्थात् सरल माया कपटाई रहित जैसा जिनेश्वरों से सुना है वैसा ही धर्म कहैं।

॥ बोल बावीसवां ॥

जिस करणी में किंचित मात्र हिंसा नहीं ते करणी ज्ञान री सार कही। सा० सू० प्र० सूयगडांग अध्ययन १ उ० ४ गाथा १८ वीं।

॥ दोहा ॥

किञ्चितमात्र हिंसा नहीं, ते करणी करे आर्य ।
धुर सूयगडांगे कह्यो, ज्ञान सार तेह कार्य ॥९४॥
अहिंसा समता धरै, ज्ञान तणो यह सार ।
एहिज जाणपणो सिरे, भाष्यो श्री जगतार ॥९५॥
प्रथमाध्ययने चतुर्थे, उद्देशे दशमी गाह ।
अहिंसा में वर्त्तता, ते विज्ञानी कहाहि ॥९६॥

॥ सूत्र पाठ ॥

एवं नाणिणो सारं, जेन हिंसइ किंचिणं ।
अहिंसा समयं चेव, एतावतं वियाणिया ॥१०॥

प्र० सूत्र कृतांगे १ अध्ययने ४ उद्देशे १० गाथा ।

॥ भावार्थ ॥

ज्ञान पाने का, निश्चय कर के यही सार है कि किञ्चितमात्र भी हिन्सा नहीं करे अहिंसा और समता धरै यही ज्ञान विज्ञान है ।

॥ बोल तेवीसवां ॥

केवली ज्ञानी भाष्यो धर्म सन्देह रहित कह्यो ।
सा० सू० प्र० सूयगडांग अध्ययन १० वें गा० ३ री

॥ दोहा ॥

संदेह रहित सु आखियो, केवली भाषित धर्म ।
आतम वत् पर प्राणी गिण, न करे हिंसा कर्म ॥९७॥

शुद्ध आहार लेवे, सदा, संचय न करे लिगार।
सूयगडांग दशमें कह्यो, तीजी गाथा सार ॥९८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

सुयक्खाय धम्मे वितिगिच्छ तिण्णे।
लाढे चरे आय तुले पयासु ॥
आयं न कुज्जा इह जीवियट्ठी।
नय न कुज्जा सु तवस्सि भिक्खू ॥३॥

॥ भावार्थ ॥

समाधिवन्त पुरुष केवली भाषित धर्म को सन्देह रहित मान कर सर्व जीवों को आत्म तुल्य मानता हुआ निर्दोष आहार की गवेषणा करके विचरे। असंयम जीवितव्य के लिये पापास्रव करे नहीं ऐसे सुतपस्वी साधु धनधान्यादि आहार पाणी का सञ्चय न करे।

॥ बोल चोबीसवां ॥

आप रो छान्दो रूंधे तेहिज धर्म। सा० सू० उत्तराध्ययन अ० ४ गा० ८ वीं।

॥ दोहा ॥

छांदो रूंधे आपणो, तेहिज धर्म उदार।
बहु वर्ष पूर्वां लगे, रोके स्वेच्छाचार ॥९९॥
पर छन्दे जिम अश्व लहै, योगपणो अवधार।
तिम अप्रमत्त पणे मुनि, लोपे नहीं गुरुकार ॥१००॥

शीघ्र पणें कर्म क्षय करी, पामे मोक्ष प्रधान ।
चौथा उत्तराध्ययन में, अष्टम गाथा जान ॥१०१॥

॥ सूत्र पाठ ॥

छन्द निरोहेण इवेइ मोक्खं, आसे जहा सिक्खिये वम्म धारी ।
पुव्वाइं वासाइं चर अप्पमत्तो, तुम्हा मुणी खिप्प मुवेइ मोक्खं ॥८॥

उत्तराध्ययन अ० ४ ।

॥ भावार्थ ॥

अपना छन्दा अर्थात् अपनी इच्छा का निरोध करने से मुक्ति होती है। जैसे जातिवन्त अश्व (घोड़ा) सवार की इच्छानुसार रहने से योग्यता प्राप्त करके दुःखों से छुटकारा पाता है। वैसे ही मुनि पूर्व वा वर्षों पर्यन्त अपनी इच्छा (छन्दा) को रोक के गुर्वाज्ञा प्रमाण चलते अप्रमत्तपने विचरता हुआ मोक्ष प्राप्त करता है।

॥ बोल पच्चीसवां ॥

केवली प्ररूप्यो धर्म अहिंसा संयमो तवो कह्यो
सा० सू० दशवैकालिक अध्ययन १ गा० १ ली ।

॥ दोहा ॥

दशवैकालिक में कह्यो, धुर अध्ययन मझार ।
धुर गाथा केवली प्रणित, अहिंसा धर्म सार ॥१०२॥
अहिंसा संयम तपो, यह धर्म मंगलीक ।
तासु नमे सर्व देवता, जासु धर्म मन ठीक ॥१०३॥

॥ सूत्र पाठ ॥

धम्मो मंगल मुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो ।

देवावि तं नमं संति, जस्स धम्म सयामणो ॥१॥

दशवैकालिक अ० १।

॥ भावार्थ ॥

अहिंसा संयम तप रूप धर्म उत्कृष्ट मङ्गल है, जिनका मन सदा धर्म में है। उन्हें देवता भी नमस्कार करते हैं।

॥ बोल छबीसवां ॥

अपछन्दा री प्रशंसा करै करावै करता ने भलो जाणै तो चौमासी प्रायश्चित कह्यो। सा० सूत्र निशीथ उद्देशे ११ वें।

॥ दोहा ॥

त्रिकरण प्रशंसा करे, अपछन्दा री सोय।
प्रायश्चित्त मुनि ने कह्यो, निशीथ ग्यारहवें जोय ॥१०४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू अहच्छन्दं पसंसइ पसंसं तं वा साइज्जइ ॥१८७॥

निशीथ उद्देशा अ० ११ वाँ।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु अपछन्दा अर्थात् अपनी इच्छानुसार चलने वाला अविनीत की प्रशंसा करे करावे अनुमोदे तो चौमासी प्रायश्चित आवे।

॥ बोल सताबीसवां ॥

बाल मरण री प्रशंसा करे करावे अनुमोदे तो प्रायश्चित्त कह्यो । सा० सू० निशीथ उद्देशे ११ वें ।

॥ दोहा ॥

मुनिवर बाल मरण तणी, करे प्रशंसा कोय ।
करतां प्रते अनुमोदियां, दंड निशीथ में जोय ॥१०५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

बाल मरणाणि वा पसंसइ पसंसं तं वा साइज्जइ ।

निशीथ उद्देशा ११ वां

॥ भावार्थ ॥

बाल रमण अर्थात् बिना अनशन किये मिथ्यात सहित मरे उसकी प्रशंसा करे करावे और उसका अनुमोदन करे तो प्रायश्चित्त ।

॥ बोल अठाबीसवां ॥

जो साधु गृहस्थ ने अणतीर्थी ने १ असाण, २ पाण, ३ खादिम, ४ स्वादिम, ५ वस्त्र, ६ पात्र, ७ कम्बल, ८ पाय पुच्छण, ये आठ बोल देवै देवावै देता ने भलो जाणै तो चौमासी प्रायश्चित्त कह्यो । सा० सू० निशीथ उद्देशे १५ वें ।

॥ दोहा ॥

अन्य तीर्थि वा गृहस्थ ने, च्यार प्रकारे आहार ।
वस्त्र पात्र कम्बल बली, पाय पुच्छणो धार ॥१०६॥

ये आठ बोल देवे तसु, तथा देवावे ताय ।
देतां प्रते भलो जाणियां, दंड चौमासी आय ॥१०७॥
निशीथ उद्देशे पन्दरहवें, भाष्यो श्री जगतार ।
पक्षपात सहु परिहरी, जोवो नयण उधार ॥१०८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू अण्ण उत्थिएण वा, गारत्थिएण वा, असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइमं वा, देयइ देयं तं वा, साइज्जइ ॥७८॥
जे भिक्खू अण्ण उत्थियेण वा, गारत्थिएण वा, वत्थं वा, पडिग्गहं वा, कंबलं वा, पाय पुच्छणं वा, देयइ देयं तं वा साइज्जइ ॥७९॥

निशीथ उद्देशा १५ वां

॥ भावार्थ ॥

जो साधु अन्य तीर्थी को गृहस्थ को आहार पानी खादिम स्वादिम देवे देवावे देते हुए को भला जाने तो प्रायश्चित्त । जो साधु अन्य तीर्थी को गृहस्थ को वस्त्र पात्र कम्बल पाद (पग) पुच्छणा देवे देवावे देते हुए को भला जाने तो प्रायश्चित्त ।

॥ बोल उनतीसवां ॥

जो साधु बूसी राई ने अबूसी राई कहै अबूसी राई ने बूसी राई कहै तो चौमासी प्रायश्चित्त आवे । सा० सू० निशीथ उ० १६ वां ।

॥ दोहा ॥

ज्ञान दर्शन चारित्र तणो, धारक बूसी जेह ।
ते साधु गुण आगरा, तसु जे बूसी कहेह ॥१०९॥

विराधक ज्ञानादिक तणो, विषय लम्पटी जान ।
ते अबूसी राई ने बूसी कहै, प्रायश्चित्त तसु मान ॥११०॥
निशीथ उद्देशे सोलहवें, तेरम चवदम बोल ।
निन्दा करि गुणवन्त नी, गुण तेहना मत अोल ॥१११॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू बूसी रायइ अबूसी रायइयं वदइ वदं तं वा साइज्जइ ।
जे भिक्खू अबूसराइयं बूसराइयं वदइ वदं तं वा साइज्जइ ।

निशीथ उद्देशा १६ वां

॥ भावार्थ ॥

जो साधु बूसीरायई अर्थात् ज्ञान दर्शन चरित्र गुणके धारक अपने से बड़े मुनिराजको अबूसी रायई कहे और अबूसी रायई जो विषय लम्पटी को बूसी रायई कहे तो चौमासी प्रायश्चित्त ।

॥ बोल तीसवां ॥

सरीखा साधु होकर सरीखा साधुवां ने स्थानक देवे नहीं. देवावे नहीं, देतां प्रते भलो जाणै नहीं, तो प्रायश्चित्त कह्यो सा० सू० निशीथ उद्देशे १७ वें ।

॥ बोल इकतीसवां ॥

सरीखी साध्वी होकर सरीखी साध्वी ने स्थानक देवे नहीं, देवावे नहीं, देतां प्रते भलो जाणे नहीं, तो प्रायश्चित्त कह्यो । सा० सू० निशीथ उद्देशे १७ वें ।

॥ दोहा ॥

सरिखा साधु ने मुनी, थानक में ठहराय।
निशीथ उद्देशे सतरहवें, प्रायश्चित्त कहवाय ॥ ११२ ॥
इमहिज सरखी साधवी, साध्वियां प्रते जान।
प्रायश्चित्त आवे तसु, जो नहीं दे निज स्थान ॥ ११३ ॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिखू निग्गंथे निग्गंथस सरिसगस्स सं ते उवासे, अन्ते उवासे, न देइ न देयं तं वा साइज्जइ। जे भिक्खूणि णिग्गंथी णिग्गंथिए सरिसयाए, सं ते उवासे न तं वा साइज्जइ।

सा० सू० निशीथ उद्देशा १७ वां

॥ भावार्थ ॥

जो साधु निर्ग्रन्थ सदृश निर्ग्रन्थ को अपनी निश्रा में उनके रहने जैसी जगह हैं वे उनको नहीं देवे, नहीं देवावे, और नहीं देने वाले की अनुमोदना करे, तो प्रायश्चित आवे। जो साध्वी अपने जैसी साध्वियों को अपनी निश्रा में रहा उपाश्रय नहीं देवे, नहीं देवावे, नहीं देते को भला जाने, प्रायश्चित्त आवे।

॥ बोल बत्तीसवां ॥

अन्य तीर्थी की ग्रहस्थ की वेयावच्च करे, करावे, करतां प्रते भलो जाणे तो प्रायश्चित्त आवे। सा० सू० निशीथ उ० ११ वां।

॥ दोहा ॥

अन्य तीर्थी वा गृहस्थ की, वेयावच कियां है दंड ।
भलो जाण्यां पिण दंड है, निशीथ ग्यारहवें मंड ॥११४॥
तेलादिक मर्दन करे, मसले दाबे पाय ।
धोवे रंगे प्रमार्जे, बलि लोद्रवादि लगाय ॥११५॥
तसु तन में देखी करी, गड़गुम्बड़ादिक कोय ।
पूंजे धोवे मालिश करे, वलि छेदे अवलोय ॥११६॥
रुधिर राध काढ़े तसु, तेल लेपादि लगाय ।
धूपादिक देई करि, क्रिमि आदि निकलाय ॥११७॥
केश संवारे काट कर, दन्तादिक धोवाय ।
घसे दांत मज्जन करे, कान नाक नूं मैल कढ़ाय ॥११८॥
नेत्र रोग युत देख के, प्रक्षाली साफ करेह ।
सुरमादिक घाले तसु, भौंह बाल संवारे तेह ॥११९॥
पसीनादिक साफ करि, साता दे उपजाय ।
तृतीय उद्देशे जिम कह्या, पचपन बोल गिणाय ॥१२०॥
यावत् विचरन्ता मुनी, अन्य तीर्थि प्रते देखि ।
वा ग्रहस्थी प्रत देख कर, शिर ढांके सुविशेष ॥१२१॥
इत्यादिक वेयावच कियां, वलि करायां ताह ।
भलो जाण्यां पिण दंड कह्यो, सूत्र निशीथ रे मांह ॥१२२॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू अण्ण-उत्थियस्स वा, गारत्थियस्स वा, पाये संवाहेज्ज

वा, पलि मद्देज्ज वा, संवाहं तं वा, पलि मद्दं तं वा, साइज्जइ। एवं जाव तइयो उद्देसो गमो भेयवो, अण्ण उत्थियस्स वा, गारत्थियस्स वा, अभिलावो जाव जे भिक्खू गामाणुगाम दुइज्ज माणे, अण्ण उत्थियस्स वा, गारत्थियस्स वा, सीस दुवारियं करेइ, करे तं वा साइज्जइ।

सा० सू० निशीथ उद्देशा ११ वाँ

॥ भावार्थ ॥

जो साधु अन्य तीर्थी का वा गृहस्थ का पग मसले मर्दन करे अथवा करते हुए को भला जाने तो प्रायश्चित्त। जिस प्रकार तीसरे उद्देशे में ५५ बोल कहे हैं उसी प्रकार यहां सर्व कहना यथा—१ अन्य तीर्थी को वा गृहस्थ को प्रमार्जे २ मर्दन करे, ३ तेलादि मसले, ४ लोद्रादि लगावे, ५ धोवे, ६ रंगे, ७ ऐसे ही शरीर को प्रमार्जे, ८ मर्दन करे, ९ तेलादि मसले, १० लोद्रवादि लगावे, ११ धोवे, १२ रंगे, १३ शरीर के गड़गुम्बड़ादि होय उन्हें प्रमार्जे १४ मर्दन करे, १५ तेलादिक लगावे, १६ लोद्रवादि लगावे, १७ धोवे, १८ रंगे, १९ गुम्बड़ादिको छेदे, २० रक्त निकाले, २१ पीप निकाले, २२ धोवे २३ लेप करे २४ मर्दन करे, २५ धूप देवे, २६ गुदा की कृमि निकाले, २७ नख सुधारे २८ गुह्य स्थान के बाल छेदे, २९ भौंहों के जंघा के कांख के दाढ़ी के मूंछ के मस्तक के कान के नाक के आंख के इन नवों स्थानों के केश छेदे, ३८ दांत घसे, ३९ दांत धोवे, ४० दांत रंगे, ४१ ओष्ठ घसे ४२ ओष्ठों का मैल निकाले, ४३ ओष्ठ धोवे, ४४ खटाइ देवे, ४५ रङ्ग चढ़ावे, ४६ लम्बे ओष्ठों को काटे, ४७ दीर्घ मूंछे काटे, ४८ आंख साफ करे, ४९ आंख का मैल निकाले, ५० आंख धोवे, ५१ आंख शुद्ध करे, ५२ अञ्जन सुरमादि डाले, ५३ भौंहों के केश सुधारे, ५४ आंख, कान, नाशिका, दांत, नखों का मैल निकाले, ५५ स्वेद (पसीना) पोंछे, यावत् साधु मुनिराज ग्रामानुग्राम विचरते हुए अन्य

तीर्थी वा गृहस्थ को देखकर उनका मस्तक छत्र वस्त्रादि से ढांके इत्यादि वैयावृत्य करे करावे, करते हुए की अनुमोदना करे, तो प्रायश्चित्त।

॥ बोल तेतीसवां तथा चौतीसवां ॥

साधु आप रहता होय जिण स्थानक में न्यातीला वा अण न्यातीला. श्रावक वा अश्रावक ने आखी रात वा आधी रात, राखे तो प्रायश्चित्त आवे। सा० सू० निशीथ उद्देशे ८ वें बोल १२ वें।

साधु रहता होय जिण स्थानक में न्यातीला वा अण न्यातीला, श्रावक वा अश्रावक, आखी रात वा आधी रात रहै उणां ने नहीं निषेधे तो प्रायश्चित्त आवे। सा० सू० निशीथ उद्देशे ८, बोल १३ वें।

॥ दोहा ॥

साधु बसे तिण स्थान में. निज नाती प्रते जान।
अथवा अण न्याती प्रते, राख्या दंड पिछान ॥१२३॥
श्रावक हो अथवा वलि, अश्रावक जो होय।
सर्व वा अर्ध रात्रि में, राख्यां प्रायश्चित जोय ॥१२४॥
इमहिज रहता हुयां प्रते, नहीं निषेधै तास।
निशीच उद्देशे आठवें, प्रायश्चित कह्यो जास ॥१२५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू णायगं वा अणायगं वा उवासयं वा अणुवासयं वा,

अन्तो उवस्सयस्स अद्ध वरायं, कसिण वरायं, सवसावेइ, संवसा वन्ता साइज्जइ ॥१२॥ जे भिक्खू तं न पडियाएक्खेइ न पडियाइक्खं तं वा, साइज्जइ ॥१३॥

सू० निशीथ उद्देशे ८ वें।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु ज्ञाती ने तथा अज्ञाती ने, श्रावक ने तथा अश्रावक ने, आप जिस स्थान में रहते हों उसी स्थान में सर्व रात्रि अथवा अर्द्ध रात्रि उनके साथ रहे यावत् अनुमोदे तो प्रायश्चित्त। रहते हुए को न निषेधे अर्थात् मना न करे तो प्रायश्चित आवे।

॥ सोरठा ॥

एक स्थान इक कल्प रे, तिण में ग्रहस्थी ने मुनी।
राख्यां प्रायश्चित्त जल्प रे, अर्द्ध तथा सर्व रात्रि तक ॥१२६॥
इक आंगण उपरान्त रे, सामायक पौषध ग्रही करे,
ते ठाम २ विरतन्त रे, सूत्र देख निर्णय करो ॥१२७॥

॥ बोल पैंतीसवां ॥

सावद्य दान की प्रशंसा करे तिण ने प्राणी जीवां को बध बंछणहारो कह्यो। सा० सू० सूयगडांग अ० ११ वें गा० २० वीं।

॥ दोहा ॥

दो सांसारिक दान री, करे प्रशंसा कोय।
बध बंछे षट् काय नूं, सूयगडांगे जोय ॥१२८॥

अध्ययन इग्यारहवां ने विषै, बीसमी गाथा मांहि ।
निषेधियां वर्त्तमान में, वृत्ति छेद कहाहि ॥१२९॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जेय दाण पसंसंति, वह मिच्छंन्ति पाणिणो ।
जेयणं पडि सेहंति, वित्तिच्छेयं करन्ति ते ॥१३०॥

॥ भावार्थ ॥

जो दान की प्रशंसा करे सो प्राणी जीवों का बध वंछता है, और जो वर्त्तमान मे निषेध करे तो लेने वाले की वृत्ति का छेद करे ।

॥ सोरठा ॥

इहां को प्रश्न करेह रे, सावद्य शब्द नहीं पाठ में ।
समुचै दान कहेह रे, तसु उत्तर आगे सुणो ॥१३०॥
छहुं काय री घात रे, मुनि ने देतां नहिं हुवै ।
ते निरवद्य साक्षात रे, तिणरी प्रशंसा बहु जगह ।१३१।
दान शील तप भाव रे, च्यार मार्ग यह मुक्ति रा ।
ते निरवद्य ठहराव रे, करे जिन आज्ञा सहित जो ।१३२।
शरीर अधिकरण नांहि रे, पीहर है षट् काय ना ।
यावज्जीव लग ताहि रे, मुनि रे हिंसा त्याग है ॥१३३॥
तसु दीधां पुण्य जान रे, अशुभ कर्म पिण क्षय हुवै ।
दियां सुपात्र दान रे, श्रावक रे व्रत बारमूं ॥१३४॥
दुर्लभ कह्या जिनराय रे, शुद्ध दान दाता तिका ।
दीधां शुभ गति जाय रे, दशवैकालिक विषे कह्यो ॥१३५॥

सुमुख प्रमुख दश ताय रे, मुनि ने दान देई करी ।
एकावतारी थाय रे, केइक तिण भव मोक्ष में ॥१३६॥
पञ्चम अङ्ग पिछाण रे, अष्टम शत उद्देश षट् ।
तथा रूप मुनि ने जाण रे, श्रावक पडिलाभे तसु ।१३७।
एकान्त निर्जरा होय रे, किञ्चित्मात्र पिण पाप नहीं ।
पुण्य बन्ध अवलोय रे, ठाम ठाम सूत्रे कह्यो ॥१३८॥
स्थानाङ्ग नवमे जोय रे, नव विधि पुण्य बन्धे कह्यो ।
निर्वद्य नवों अवलोय रे, मुनि ने कल्पे ते कह्या ॥१३९॥
नमस्कार कियां जाहि रे, तेहमे निर्दोष अन्न दियां ।
पुण्य तणो बन्ध थाहि रे, नव ही सरीखा जाणिये ।१४०।
ते माटे इहाँ जान रे, निर्वद्य दान न लेखवो ।
बीसमीं इकबीसमीं पिछान रे, गाथा देख निर्णय करो ॥
अस्ति नास्ति ये दोय रे, पुण्य पाप नी नहीं कहे ।
वर्त्तमान में जोय रे, पूछ्यां थी मुनि नहीं वदे ॥१४२॥
तेम इहां अवधार रे, निषेधियां वर्त्तमान में ।
करन्ति शब्दे धार रे, क्रिया तेह वर्त्तमान री ॥१४३॥
कियां प्रशंसा सोय रे, बध बंछणहारो कह्यो ।
प्रत्यक्ष ही अवलोय रे, सावद्य दान यह जाणवो ।१४४।
ठाम २ जिन राय रे, कुपात्र दान तणा कह्या ।
फल कडुआ अधिकाय रे पक्षपात तज सांमलो ॥१४५॥
मृगा लोढा ने देख रे, गौतम जिनपै आय करि ।

दुःख विपाक में लेख रे, पूछ्यो किं दत्ता इणे ॥१४६॥
सूत्र भगवती मांहि रे, अष्टम शतके देखलो ।
छट्ठे उद्देशे ताहि रे, असंयती अविरतिने ॥१४७॥
पाप एकान्त जे थाय रे, सचित अचित पड़िलाभियां ।
निर्जरा किञ्चित नाहिं रे, प्रत्यक्ष पाठ विषे कह्यो ॥१४८॥
तथा सूयगडाअंगेह रे, नवम अध्ययन तेवीसमीं ।
गाथा में इम लेह रे, साधु बिन अनेरा प्रते ॥१४९॥
दान देवो अवधार रे, कारण पाप तणो तिको ।
भ्रमण हेतु संसार रे, इत्यादिक बहु सूत्र में ॥१५०॥
वलि आनन्द श्रावक जान रे, अन्य तीर्थी ने देण रा ।
कीधा छे पच्चखान रै, सप्तम अंगे देखल्यो ॥१५१॥
जो फल न कहे कदेह रे, सावद्य दान तणा अशुभ ।
तो भवी किम जाणेह रे, सुपात्रकुपात्रज दान ने ।१५२।
निषेधियां वर्त्तमान रे, अन्तराय लागे तसु ।
वलि वृत्तिच्छेदक जान रे, दान लेण वाला तणी ॥१५३॥
प्रशंसियां जे दान रे, प्राण घात बांछक कह्यो ।
तो ते दीधां दान रे, ते हिंसक किम नहीं हुवै ॥१५४॥
मुनि विन अपर शरीर रे, अधिकरण षट् काय नूं ।
तसु तीखो कियां सीर रे, हिंसादिक कारज तणो ।१५५।
अव्रत मांहि देह रे, लेवे ते पिण अविरत में ।
दूजो आस्रव सेवेह रे, तिण थी न हुवे पुण्य बंध ।१५६।

कोई कहे शुभ परिणाम रे, दान देण वाला तणो ।
तिण सूं पुन्य बन्ध ताम रे, तसु उत्तर हिये विचारिये ॥
साता बंछी एक रे, धुर आस्रव सेवावियो ।
दूजो बोल अलीकरे, दुःख दूजा रो मेटियो ॥१५८॥
तीजो चोरी कराय रे पर साता परिणाम से ।
इक मैथुन सेवाय रे, साता रा परिणाम से ॥१५९॥
इम परिग्रह रखवाय रे, हित बंछी भल भाव से ।
यह पंचास्रव न्याय रे, बुद्धिवन्त हिये विचारिये ।१६०।
धुर पंचम रे मांहि रे, धर्म पुण्य जो होय तो ।
विचला तीन में ताहि रे, धर्म पुन्य पिण जाणवो ॥१६१॥
न हुवे शुभ परिणाम रे, पंचास्रव सेवावतां ।
जिन आज्ञा बिन काम रे, कीधां थी धर्म पुण्य नहीं ॥
तिणसूं लौकिक दान रे, प्रशंसवो नहीं मुनि भणी ।
प्रशंसियां थी जान रे, इच्छक प्राणी बध तणुं ॥१६३॥

॥ बोल छत्तीसवां ॥

विषय सहित धर्म बुरो, जिम ताल पुट जहर खायां, कुरीति से हाथ में शस्त्र लिया, कुविधि मन्त्र जपियां मरण पामें, तिम इन्द्रियों को विषय सहित धर्म प्ररूपे ते घणा जन्म मरण बधावे । सा० सू० उत्तराध्ययन अ० २० वें गा० ४४

॥ दोहा ॥

जिम विष खायां तालपुट, कुविधि शस्त्र हाथ मझार ।
मन्त्र कुरीति जपियां थकां, पामे मरण तिवार ॥१६४॥
तिम विषय सहित जे धर्म छे, प्ररूपियां तसु जान ।
दुःखदाई होवे घणो, जन्म मरण बहु मान ॥१६५॥
उत्तराध्ययन में जिन कह्यो, बीसमाध्ययन रे मांहि ।
चार चालीसवीं गाह में, हिंसा धर्म दुःखदाय ॥१६६॥

॥ सूत्र पाठ ॥

विसन्तु पीयं जह काल कूडं, हणइ सत्थं जह कुग्गहियं ।
एसो विधम्मो विसओव वन्नो, हणइ वेयालइवा विवन्नो ॥४४॥

उत्तराध्ययन अ० २० वें ।

॥ भावार्थ ॥

जैसे कालकूट जहर पीने से, कुविधि शस्त्र ग्रहण करने से, और कुरीति से वेतालादि मन्त्र जपने से, मृत्यु प्राप्त हो । वैसे इन्द्रिय विषय सहित धर्म प्ररूपना करने से जन्म मरणादि की वृद्धि हो तथा दुःखदाई हो ।

॥ बोल सैंतीसवां ॥

भाषा २ कही १ आराधक, २ विराधक । विराधक भाषा में औगुण ४ कह्या यथा—१ असंयम, २ अविरति, ३ अपडियाई, ४ अपच्चक्खाण पाप कर्म सा० सू० पन्नवणा पद ११ वें ।

॥ दोहा ॥

दोय प्रकारे जाणवी, भाषा जे बोलेह ।
आराधक प्रथमा कही, द्वितीय विराधक जेह ॥१६७॥
सउपयोग यथोक्त जे, ते आराधक जान ।
विराधक तेण पर अछे, बिन उपयोग अयुक्त पिछान ॥
अवगुण चार तिण में अछे, असंयम अव्रत अवलोय ।
अप्रतिहत अपच्चक्खाण इम पन्नवणा इग्यारहवें जोय ॥

॥ सूत्र पाठ ॥

इच्चेयाइं भन्ते चत्तारि भासाज्जायाइं भासमाणे किं आराहए विराहए ? गोयमा इच्चेयाइं चत्तारि भासाज्जायाइं आउत्त भासमाणे आराहए णो विराहए, तेणं पर असंजय, अविरय, अपडिहत, अपच्चक्खाय पाव कम्मे ।

पन्नवणा पद ११ वाँ ।

॥ भावार्थ ॥

हे भगवान् यह चार भाषा जाति भाषते हुए आराधक है या विराधक ? हे गौतम यह चार प्रकार की भाषा उपयोग सहित जैसे की जैसे बोले तो आराधक है, विराधक नहीं । इसके उपरान्त असंयम, अविरत, अप्रतिहत, पाप कर्मों का अप्रत्याख्यान है ।

॥ बोल अड़तीसवां ॥

मिश्र भाषा बोल्यां महा मोहनीय कर्म बंधे ।
सा० सू० दशाश्रुतस्कन्ध अध्ययन ९ वें बोल ९ वें ।

॥ दोहा ॥

मिश्र भाषा बोल्यां थकां, महा मोहनीय बन्ध ।
नवमें बोले आखियो, श्रीदशाश्रुतस्कन्ध ॥१७०॥
जाणंतो परिषद विषे, सांच झूठ बिहुं मेल ।
बोले कपट सहित जे, मिश्र वच कुकला खेल ॥१७१॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जाणं. माणे परिसए, सच्च मोसाइ भासए ।
अणीणे झंझे पुरिसे, महा मोह पकुव्वइ ॥९॥

दशाश्रुतस्कन्ध अ० ९ ।

॥ भावार्थ ॥

जो जानता है कि यह झूठ है तो भी सभा में बैठ कर मिश्र भाषा बोले, अर्थात् सत्य झूठ का निर्णय न होवे ऐसी भाषा बोले सत्यासत्य भाषा बोले, क्लेश की वृद्धि करे, सो महा मोहनीय कर्म उपार्जन करता है ।

॥ बोल उनचालीसवां ॥

मिश्र भाषा छोड़े छुड़ावे तिण ने समाधि कही ।
सा० सू० प्र० सूयगडांग अ० १० वें गा० १५ वीं ।

॥ दोहा ॥

वचन गुप्ति प्राप्त मुनी, परम समाधिवन्त ।
छोड़े छोड़ावे मिश्र वच, शुभ लेश्या धर सन्त ॥१७२॥

घर छावे नहीं महा ऋषी, नहीं छवावे जेह।
वर्जे संग स्त्री तणो, दशम सूयगडा अंगेह ॥१७३॥

॥ सूत्र पाठ ॥

गुत्तोवई एय समाहि पत्तो, लेस समाहट्टु परिव्वयेज्जा ।
गिहं न छाये णवि छायेज्जा, समिस्स भाव पयहे पयासु ॥१५॥

॥ भावार्थ ॥

वचन गुप्तिवन्त अर्थात् सावद्य वचन गोपने वाले समाधि और शुभ लेश्या के धारक अपने रहने के लिये घर छावे नहीं, अन्य से छवावे नहीं, समभाव धारण करता हुआ मिश्र भाषा का त्याग करे।

॥ बोल चालीसवां ॥

मिश्र भाषा तथा असत्य भाषा सर्व प्रकारे छोड़नी कही, सत्य और व्यवहारनी भाषा बोलनी कही। सा० सू० दशवैकालिक अ० ७ गाथा १ लो।

॥ दोहा ॥

सर्व प्रकारे असत्य, मिश्र, नहीं बोले मुनि बैण।
सत्य व्यवहार ही भाषवे, च्यार भाषा में सैण ॥१७४॥
दशवैकालिक में कह्यो, ससमध्ययने स्वच्छ।
पहली गाथा ने विषे, सीखे सविनय वच्छ ॥१७५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

चउण्हं खलु भासाणं, परिसंखाए पण्णवं ।
दोण्हं तु विणयं सिक्खे, दो ण भासिज्ज सव्वसो ॥१॥

दशवैकालिक अ० ७ वां।

॥ भावार्थ ॥

चार प्रकार की भाषा है जिसमें सत्य और व्यवहार तो विनय पूर्वक सीखे, किन्तु असत्य और मिश्र भाषा सर्वथा प्रकारे नहीं बोले।

॥ बोल इकचालीसवां ॥

मिश्र भाषा रा धणी रो वचन अवक्तव्य कह्यो, अणविमासो बोलनहार कह्यो, अज्ञानवादी कह्यो, पूछ्यां रो जबाब देवा असमर्थ कह्यो, मिश्र धर्म प्ररूपणे वालो आप रो मत थापवा भणी छलबल मांडतो कह्यो। सा० सू० प्र० सूयगडांग अध्ययन १२ वें गाथा ५ वीं।

॥ दोहा ॥

मिश्र भाषा प्रास थको, मिश्र नूं बोलणहार।
बोले बिना बिचारियो, अज्ञान वादी धार ॥१७६॥
जाब देवा समरथ नहीं, पूछ्यां थी अवलोय।
मिश्र धर्म प्रते स्थापवा, छल बल मांडै सोय ॥१७७॥
आत्म अक्रिया मान कर, फुन प्रकृति क्षय मुक्ति।
इम इक पख इम दोय पख, सांख्य दर्शनी उक्ति ।१७८।
प्रथम सूयगडाअङ्गे कह्यो, द्वादशाध्ययने पेख।
मिश्र वक्ता अवक्त हैं, पंठमी गाथा पेख ॥१७९॥

॥ सूत्र पाठ ॥

सम्मिस्स भावं व गिरा गहीए, से सुम्मुई होइ अणाणुवाई ।
इम दु पक्खं इममेग पक्खं, आहंसु छन्नाय तणं च कम्मं ॥५॥

प्र० सूत्र कृतांगे द्वादशमध्ययने ।

॥ भावार्थ ॥

मिश्र भाव को प्राप्त होके, प्रश्न करने वाले को उत्तर देनेमें असमर्थ होते हैं, और मौन धारण करते हैं. वे अज्ञानवादी कभी क्या कहे, कभी क्या कहे, इस तरह से कभी एक पक्षी, कभी दो पक्षी होते हैं। और छल बल करके अपना मत स्थापन करते हैं।

॥ बोल बयालीसवां ॥

साधु री आज्ञा बारे धर्म श्रद्धे तिण ने काम भोग में खूतो कह्यो, हिंसा रो करणहार कह्यो। सा० सू० प्र० आचारांग अध्ययन ६ उद्देशो ४ थो।

॥ दोहा ॥

साधु री आज्ञा बिना, श्रद्धे धर्म उदार।
ते काम भोग में खूतियां, हिंसा रा करणहार ॥१८०॥
प्रथम आचारांगे कह्यो, षष्टम ध्ययन मझार।
चौथा उद्देशा विषे, सांभलज्यो विस्तार ॥१८१॥
ब्रह्मचर्य वसता थकां, आण न मन मानेह।
माननीय होऊं लोक में, इम धारी घर छांड़ेह ॥१८२॥

ते काम भोग गृद्धी छता, मूर्च्छित विषय मझार ।
समाधि मार्ग जिन भाषियो, ते नहीं सेवे लिगार ।१८३।
आर्य व शुद्ध साधु तसु, शिक्षा दे किण वार ।
तो तेहनी निन्दा करे, वे द्विगुण मूर्ख इम धार ॥१८४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

वसित्ता बंभचेरंसि आणां तं णो त्ति मण्ण माणा, अग्घायं तु सौचाणि सम्म समणुन्ना जिविस्सामो, एगे णिक्खम्मते असम्भवेता विडज्झमाणे कामेहि गिद्धा, अज्झो वण्णा समाहि माधाए मज्झो सयं ता सत्था मेव फरू सं वदन्ति । सील मता उव सन्ता संखाए रीयमाणा असीला अणुवय माणस्स वितिया मंदस्स बालया ।

प्र० आचारांगे षष्ठमध्ययने चतुर्थोद्देशे ।

॥ भावार्थ ॥

कितनेक साधू होकर आज्ञा का अनादर करते हुए विषय लम्पटी होकर उनमें लिप्त हो जाते हैं। मैं सब का माननीय होऊंगा ऐसा विचार करके दीक्षा अंगीकार करते हैं, ब्रह्मचर्य धारते हैं, परन्तु गुर्वाज्ञा प्रमाण मोक्ष मार्गमें नहीं चलते। काम इच्छा से सुखों में मूर्च्छित होकर विषयों की ओर ध्यान दे गृद्धि हो तीर्थंकर भाषित जो समाधि मार्ग है उसका सेवन नहीं करते, यदि उन्हें कोई अच्छी शिक्षा देवे तो उनकी निन्दा करते हैं, गुर्वाज्ञा विना अपने मनमाना हिंसा धर्म प्ररूपते हुए सुखों से जीवें ऐसा विचार के भ्रष्ट हुए, वे बाल, मन्द बुद्धि वाले, शुद्धाचार के पालने वाले साधुओं से द्वेषभाव रखके निन्दा करने में तत्पर हैं अतः वे दुगुने मूर्ख हैं।

॥ दोहा ॥

बलि तिणहिज उद्देशे कह्यो, धर्म कहे आज्ञा बाहर।
प्राण जीव हिंसक तिका, असंयम अर्थी धार ॥१८५॥
अधर्मार्थी बाल ते, आरम्भार्थी जेह।
हने हनावे प्राणी ने, भलो जाणता तेह ॥१८६॥
दुक्कर धर्म जिनवर कह्यो, ते पालन समर्थ नाहिं।
तब तसु करे अवहेलना, तत्पर हिंसा माहिं ॥१८७॥
ते आज्ञा बाहिर थई, धर्म प्ररूपे एम।
जिन आज्ञा नहीं मानतो, भ्रष्ट किया निज नेम ॥१८८॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अहमट्ठी तुमंसि णाम बाले आरम्भट्ठी अणुवय माणे हण पाणे घायमाणे हण ओघाति समणु जाण माणे घोरे धम्मे उदीरिए उव हइणं अणाणाए एस विसण्णे वितट्टे वियाहितेत्तिवेमि।

प्र० आचारांग सूत्रे षष्ठमध्ययने चतुर्थोद्देशे।

॥ भावार्थ ॥

संयम से भ्रष्ट हुए को सत्पुरुष इस तरह बोध देते है कि हे पुरुष तू प्राणियों की हिंसा करता है हिंसा का उपदेश देता है अतः तू हिंसा का चाहने वाला है अज्ञान है अधर्म का अर्थी है। तीर्थङ्करों ने तो अहिंसा धर्म अराधना दुष्कर कहा है किन्तु तू आज्ञा बाहर होके आज्ञा बाहिर धर्म प्ररूपता है धर्म की उपेक्षा करता है इसलिये तू मन्द बुद्धि है।

॥ बोल तीयालीसवां ॥

आज्ञा बाहर धर्म कहसी तिण रा तप अने नियम भ्रष्ट कह्या, तिण ने मूखे कह्यो, संसार से पार पामतो नहीं कह्यो। सा० सू० आचारांग अध्ययन २ उद्देशो २।

॥ दोहा ॥

कहसी धर्म आज्ञा बिना, तिणरा तप अरु नेम।
भ्रष्ठ कह्या धुर अंग में, द्वितीय अध्ययने एम ॥१८६॥
दूजे उद्देशे देखल्यो, परिसह उपसर्ग पाय।
आज्ञा बाहिर होयके, शिथिल थई मोह वर्तात ॥१६०॥
कहे मैं अपरिग्रही अछूं, पिण भोग मिल्यां भोगाय।
तथा भोग मिलवा तणा, करत अनेक उपाय ॥१६१॥
ते भेष लजावे साधु नूं, सेवे काम विकार।
वार २ मोह में फंस्या, जे नहीं पामे पार ॥१६२॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अणाणाए पुट्ठावि, णोणियट्टं ति मन्दा मोहेण पाउडा, अपरिग्गहा भविस्सामो समुट्ठाए लद्धे कामे अभिगाहेंति, अणाणाए मुणिणो पडिलेहन्ति, एत्थं मोहे पुणो पुणो सएणा णो पाराए।

आचारांगे द्वितीयध्ययने द्वितीय उद्देशे।

॥ भावार्थ ॥

अज्ञानी मूख जीव परीषह उपसर्ग आने से आज्ञा बाहिर होके

संयम से भ्रष्ट होते है, और कहते हैं हम अपरिग्रही हैं दीक्षा लेके मुनि का वेश लजाते हैं, काम भोग प्राप्त होने से अभिग्रहण करते है कामादि प्राप्त करने को उपाय करते रहते हैं इस तरह आज्ञा बाहिर धर्म कहने वाले जो हैं वे बार २ मोह में फंसे हुए संसारका पार नहीं पाते।

॥ बोल चमालीसवां ॥

आज्ञा बारे उद्यम, आज्ञा मांहि आलस्य, ए दो बोल मत होज्यो, यह कुशल पुरुष भगवान् की श्रद्धा छै। सा० सू० आचारांग अ० ५ उ० ६।

॥ दोहा ॥

कुशल पुरुष महावीर नी, यह श्रद्धा है सार।
आज्ञा में उद्यम सदा, नहिं उद्यम आज्ञा बार ॥१९३॥
उद्यम आज्ञा बाहिरे, आज्ञा में आलस्य।
यह दोनूं मत होयज्यो, इम भाष्यो कुशलस्स ॥१९४॥
धुर आचारांगे कह्यो, पंचम अध्ययने पेख।
छट्ठा उद्देशा विषे, जिन दर्शन इम लेख ॥१९५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

अणाणाए एगे सोवट्ठाणे, आणाए एगे निरूवट्ठाणे।
एतं ते माहोउ, ए यं कुसलस्स दंसणं ॥

[आचारांग पंचम अध्ययने षष्टमोद्देशे।

॥ भावार्थ ॥

कितनेक आज्ञा बाहिर विपरीत प्रवृत्तिमें उद्यमी वर्त्तते हैं और कितने ही जिनाज्ञानुकूल प्रवृत्ति में निरुद्यमी होते हैं अतः यह दोनों

अर्थात् आज्ञा में आलस्य और आज्ञा बाहिर उद्यम कभी न होवे, यही कुशल पुरुष भगवान् महावीर का दर्शन है।

॥ बोल पैंतालीसवां ॥

प्रवचन से विरुद्ध प्ररूपने वाला ने भगवान निन्हव कह्यो। सा० सू० उववाई प्रश्न १९ वें।

॥ दोहा ॥

प्रवचन विरुद्ध प्ररूपणा, करे ते निन्हव धार।
सूत्र उववाई में कह्यो, उन्नीसवां प्रश्न मझार ॥१९६॥
सप्त निन्हव प्रवचन तणा, भाख्या श्री जगतार।
करता अशुद्ध प्ररूपणा, श्रद्धा तास असार ॥१९७॥

॥ सूत्र पाठ ॥

इच्चे दे सत्त पवयण णिण्हगा।

उववाई प्रश्न १९ वें।

॥ भावार्थ ॥

यह सातों प्रवचन के निन्हव हैं ॥ इति ॥

॥ बोल छयालीसवां ॥

राग द्वेष दोनूं पाप कह्या दोनां से न्यारा रहे सो संसार में नहीं रुले। सा० सू० उत्तराध्ययन अ० ३१ वें गाथा ३ रो।

॥ दोहा ॥

राग द्वेष दो पाप हैं, अवर्त्तें पाप मझार ।
जे भिक्खू न्यारा रहै, ते न रुलै संसार ॥१९८॥
उत्तराध्ययने आखियो इकतीसम अध्ययने जान ।
तीजी गाथा ने विषे, भाष्यो श्री भगवान ॥१९९॥

॥ सूत्र पाठ ॥

राग दोसे य दो पावे, पाव कम्म पवत्तणे ।
जे भिक्खू रुभये निच्चं, से न अच्छइ मंडले ॥३॥

उत्तराध्ययन अ० ३१ वां ।

॥ भावार्थ ॥

राग द्वेष ये दोनों पाप है, पाप कर्म में ही प्रवर्त्तते हैं। अर्थात् किसी पै राग करने में भी पाप है और द्वेष करने में भी पाप है। इसलिये साधु राग द्वेष किसी पर भी न करें। वे संसार रूपी मंडल में भ्रमण नही करते हैं।

॥ बोल सैंतालीसवां ॥

कोई इम कहै साता दियां साता होय, तिण ऊपर भगवान छव बोल प्ररूप्या—१ आर्य माग से वेगलो, २ समाधि मार्ग से न्यारो, ३ जिन धर्म री हेलणा रो करणहार, ४ अमोक्ष रो कारण, ५ थोड़ा सुखां रे कारणे घणा सुखां रो हारणहार, ६ लोह

बाणिया नी परे घणो झूरसी। सा० सू० सूयगडांग अ० ३ उद्देशो ४ गाथा छठी।

॥ दोहा ॥

साता दियां साता हुवे, इम को कहै अविचार।
तिण ऊपर षट् बोल इम, भाष्या श्री जगतार ॥२००॥
शाक्यादिक इक एक जे, वा स्वतीर्थी जेह।
परिषह थी डरता थका, ते जे इम भाषेह ॥२०१॥
साता से साता हुवे, एम कहै जे कोय।
ते आर्य मार्ग से वेगला, समाधि से अलगा होय ॥२०२॥
वलि हेलण हार जिन धर्म नां, ते अल्प सुखारे काज।
घणां सुखां ने हारता, अछै अमोक्ष रो काज ॥२०३॥
लोह बाणिया नी परे, घणा झूरसी जेह।
साता दियां साता हुवे, जे कोई एम वदेह ॥२०४॥

॥ सूत्र पाठ ॥

इह मे गेउ भासन्ति, सात सातेण विज्जति।
जे तत्थ आरिअं मग्गं, परमं च समाहिए ॥६॥
भाएयं अव मंचेता, अप्पेणं लुंपहा बहुं।
एतस्स अमोक्खाए, अय हारिव्व जूरह ॥७॥

॥ भावार्थ ॥

यहां एक एक ऐसा कहते हैं, कि साता से साता होती है अर्थात् सुख देने से सुख होता है ऐसा कहने वाले आर्य मार्ग से पृथक् हैं १,

परम समाधि का करने वाला जो जिन प्रणीत मार्ग है उससे दूर हैं २, जिन मार्ग की निन्दा करने वाले हैं ३, अल्प सुखों के लिये बहुत सुखों के हारने वाले है ४, अमोक्ष का कारण है ५, और वे लोह वणिक की तरह बहुत पछतावेंगे ६।

॥ सोरठा ॥

कोई कहै इम वाय रे, इहां मुनि निज तनु आश्रयी।
उपसर्ग थी डरता ताय रे, कहै साता दियां साता हुवे ॥
तप लोचादि अनेक रे, करतां कष्ट हुवे घणो।
भूख तृषादि विशेष रे, सह न सके तब इम कहै ।२०७।
पिण अन्य अन्य ने देख रे, अनुकम्पा आणी करी।
भोजन वस्त्र सुविशेष रे, साता दियां साता हुवे ॥२०८॥
इम निज मन अनुसार रे, सूत्र विरुद्ध जो को कहै।
तसु उत्तर अवधार रे, बुद्धिवन्त हिये विचारिये ॥२०९॥
क्षुधा निवारण काम रे, आहार उदक मुनि आचरे।
वस्त्र कल्पनीक आम रे, पहिरे ओढे बावरे ॥२१०॥
अथवा निज तनु नी सार रे, व्यावच्च करावे शिष्य कने।
देवे वस्त्र अरु आहार रे, अन्य मुनिनी वैयावच्च करे ॥२११
एम अनेक प्रकार रे, साधर्मी साधू बनी।
करता सार संभार रे, नव लघु वृद्ध मुनिवर तणी ।२१२।
ते साता अवधार रे, निरवद्य छे जिन आण में।
करे करावे सार रे, दे आदेश अरु उपदिशे ॥२१३॥

मुनि बिन अपर शरीर रे, अधिकरण षट्काय नूं ।
तसु तीखो कियां शरीर रे, हिंसादिक कारज तणो ॥२१४॥
प्रथम उद्देशा मांहि रे, सप्तम शतके भगवती ।
सामायक में ताहि रे, श्रावक आतम अधिकरण ॥२१५॥
तो बिन सामायक जेह रे, ग्रहस्थी तणो शरीर जे ।
ते अधिकरण कहेह रे, शस्त्र पृथ्व्यादि छहों तणो ।२१६।
तसु तीखो करे कोय रे, अव्रत सेवावि करी ।
तासु धर्म किम होय रे, इम सावद्य साता दियां ॥२१७।
सेवे अव्रत पाप रे, प्रथम करण ग्रहस्थी तिको ।
देखो स्थिर चित्त थाप रे, दूजे करण सेवावियां ॥२१८॥
धर्म पुन्य किम थाय रे, फुन अनुमोद्यां तृतीय करण ।
हिये विचारो न्याय रे, जिन आज्ञा बिन धर्म नहीं ॥२१९॥
षोडशमूं अनाचार रे, साता पूछ्यां ग्रहस्थ नी ।
दशवैकालिक अवधार रे, तीजे अध्ययने कह्यो ॥२२०॥
मुनि ग्रहस्थ नी जान रे, तिणहिज अध्ययनने विषे ।
वैयावच्च कियां पिछान रे, अनाचार अठवीसमूं ॥२२१॥
भूती कर्म करेह रे, ग्रहस्थ नी रक्षा निमित ।
प्रायश्चित आवेह रे, निशीथ उद्देशे तेरहवें ॥२२२॥
मार्ग बतायां दंड रे, सूत्र निशीथ मांहि कह्यो ।
बतावे औषधादि सुमंड रे, ग्रहस्थ ने तो प्रायश्चित ॥२२३॥
जीव संसार मझार रे, असाता बहु पावी रह्या ।

स्व स्व कर्म अनुसार रे, इन्द्रिय विषय विकार थी।२२४।
तसु सेवावे भोग उपभोग रे, खाणा पीणा आदि दे।
त्यांरो मिलायां जोग रे, दूजे करणें पाप है ॥२२५॥
निज खाणो पीणो जेह रे, श्रावक अव्रत में गिणे।
तो पर ने खवाव्यां तेह रे, किम धर्म श्रद्धे समकिती ॥
असंख्य एकेन्द्रिय जीव रे, मार असाता तसु करे।
पंचेन्द्रिय ने साता अतीव रे, कियां धर्म किण विध हुवे॥
मोह अनुकम्पा आण रे, साता बंछै निज पर तणी।
ते सावद्य ही पिछाण रे, जिन आज्ञा नहीं तेह में ॥
उपदेशे त्याग कराय रे, घटावे अव्रत ग्रहस्थी नी।
तप चारित्र बढ़ाय रे, मुक्ति मार्ग साहमूं करे ॥२२६॥
चिहुंगति भ्रमण मिटाय रे, दुख जन्म मरण मूंकाय दे।
आतम सुख प्रकटाय रे, निरवद्य साता इम हुवे ॥२३०॥
ते माटे इहां जोय रे, सावद्य साता जाणवी।
स्व परनी अवलोय रे, बंछ्या थी जिन धर्म नहीं ॥२३१॥
सांसारिक उपकार रे, सांसारिक नूं मार्ग है।
जिन धर्म नहीं लिगार रे, जिन आज्ञा बिन कार्य में ॥
तिण सूं कह्यो जिनराय रे, जे को इक इक इम बदे।
सुख दियां सुख थाय रे, ते आर्य मार्ग से वेगला।२३३।
यावत् भूरसी तेह रे, लोह बाणिया नी परें।
सूत्रें जे भाषेह रे, तेह सत्य करि जाणवो ॥२३४॥

॥ बोल अडतालीसवां ॥

साधू होकर अनुकम्पा रे वास्ते त्रस जीवां ने बांधे बंधावे बांधतां ने अनुमोदे, तथा अनुकम्पा करि बंध्या जीवां ने छोड़े छोड़ावे छोड़तां प्रते भलो जाणे तो चौमासी प्रायश्चित्त। सा० स० निशीथ उ० १२ वें बोल १ तथा २ रे।

॥ दोहा ॥

मुनि अनुकम्पा आण कर, तस जीवां ने जोय।
तृणादिक पाशे करी, बांधे बंधावे कोय ॥ २३५॥
अथवा बंधिया देख कर, छोड़े छोड़ावे तास।
बांध्यां छोड्यां भलो जाणियां, प्रायश्चित चौमास ।२३६।
निशीथ उद्देशे बारमे, पहले दूजे बोल।
यह करुणा आज्ञा बाहर है, आंख हिया री खोल ॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू कोलुण पडियाए, अण्णरियं तस पाण जायं।
तणं पासएणवा मुंज पासएणवा, चम्म पासएणवा रज्जु ॥
पासएणवा सुत्त पासएणवा, बंधइ बंध तं वा साइज्जइ ॥१॥
जे भिक्खू बंधेल्लयं वा, मुयइ मुयं तं वा साइज्जइ ॥ २ ॥

निशीथ उद्देशे बारहवें।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु अनुकम्पा के लिये अन्य त्रस प्राणियों की जाति अर्थात् त्रस जीवों को घास की डोरी से, चमड़े की डोरी से, रज्जव की डोरी से, इत्यादिक डोरियों से, बाँधे बंधावे बाँधते को अनुमोदे तो चौमासी प्रायश्चित्त ॥१॥ ऐसे ही बंधे हुए त्रस जीवों को देख अनुकम्पा करके छोड़े छोड़ावे और अनुमोदे तो चौमासिक प्रायश्चित्त ॥ २ ॥

॥ सोरठा ॥

शब्द अर्थ अज्ञ जेह रे, ते केइक इहां इम कहै ।
कोलुण दीन भावेह रे, बांध्या छोड्यां दंड है ॥२३८॥
ततोत्तर विज्ञ कह्यो एथ रे, दीन भाव इहां स्यूं हुवे ।
त्रस प्रति बांध्यां तेथ रे, गरीब भाव होवे किण तणो ॥
मुनिवर दीनज होय रे, त्रस बांधे किण कारणे ।
कदा दीन त्रस जोय रे, तो साधू अनुकम्प करि ॥२४०॥
तथा बंधिया प्रति देख रे, दीन पणो मुनि स्यूं करै ।
जो दीन अनुकम्पा लेख रे, सावद्य तिण सूं प्रायश्चित कह्यो
न्याय दृष्टि अवलोय रे, लघु चूर्णि जिन दास कृत ।
तिहां कोलुण शब्दे जोय रे, कोलुणं अनुकम्प अर्थ ।२४२।

॥ जिनदास आचार्यकृत लघुचूर्णिका पाठ ॥

भिक्खू पुव्व भणिओ कोलुणांति-कारुण्यं अनुकम्पा प्रतिज्ञाया इत्यर्थः ।

॥ सोरठा ॥

जो कहै कौतुहल काज रे, कोलुण शब्द तणो अरथ ।
तो कोऊल कौतुहल बाज रे, तेह पाठ न्यारो अछै ॥
सप्तदशम उद्देश रे. निशीथ सूत्र में देखिये ।
बांधे वा छोड़ेश रे, कोऊल बड़ियाए तिहां शब्द है ॥
तिहां कौतुहल निमित्त रे, मुनि त्रस प्राणी देख कर ।
बांधे छोड़े इत्तरे, तो प्रायश्चित्त है मुनि भणी ॥२४५॥

॥ सूत्र पाठ ॥

जे भिक्खू कोऊल वडियाए अण्णयां तस पाणजाति तसा पास-ण्णवा जाव सुत्त पासण्णवा वंधंति बंधं तं वा साइज्जइ ॥१॥ जे भिक्खू कोऊल वडियाए बंधेल्लयं वा मुयति मुयं त वा साइज्जइ ॥२॥

निशीथ उ० १७ वें ।

॥ भावार्थ ॥

जो साधु कौतूहल निमित्त अन्य त्रस प्राणियोको घास की डोरी से यावत् सूत की डोरी से बाँधे बंधावे बांधते को अनुमोदे तो प्राय-श्चित ॥१॥ जो साधु कौतूहल के निमित्त अन्य त्रस प्राणियों को छोड़े छोड़ावे छोड़ते को अच्छा जाने तो प्रायश्चित ॥२॥

॥ सोरठा ॥

कौतुहल काज मुनिराज रे, बांध्यां छोड्यां त्रस प्रति ।
दंड कह्यो जिनराज रे, सतरहवें उद्देश निशीथ में ।
बारमा उद्देश मझार रे, कोलुण ते अनुकम्प करि ।

बांध्यां खोल्यां दंड धार रे, त्रस जीवां प्रति आखियो ॥
इम बिहु स्थाने जोय रे, पाठ शब्द छै जुजूआ ।
कोलुण अनुकम्प होय रे, कोऊल ते कौतुहल कह्यो ॥
त्रस जीवां रे मांहि रे, मनुष्य तिर्यञ्च सहु आविया ।
तसु अनुकम्पा ल्याहि रे, बांधे खोले मुनि तदा ।२४९।
प्रायश्चित्त कह्यो तिहिवार रे, सूत्र वचन ते सत्य है ।
